an>

title: Regarding opening an All India Institute of Medical Sciences at Deoghar, Jharkhand.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं जिस राज्य झारखण्ड से आता हूं, वह इस देश का 40 से 50 परसेंट माइन्स और मिनरल्स देता है। 40 परसेंट रेलवे का रेवेन्यू झारखण्ड जैनरेट करता है और उसी के ऊपर मैं आपको कह सकता हूं कि मोर ऑर लैस एक राज्य पर इस देश की इकोनोमी रुकी हुई है। लेकिन वहां के जो आर्थिक हालात हैं, वहां 70 परसेंट लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं, 70 परसेंट महिलाएं एनीमिक हैं, 70 परसेंट बच्चे मैल न्यूट्रीशन के शिकार हैं। केन्द्र सरकार ने एक योजना बनाई है कि सभी राज्यों में ऑल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मैडीकल साइंसेज़ की स्थापना करेगी, लेकिन लगातार, वर्षों से यू.पी.ए. सरकार में यह नैग्लैक्ट होता रहा और हमारी सरकार में भी पिछले दो सालों से झारखण्ड सरकार ने मांग की है कि देवघर में ऑल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मैडीकल साइंसेज़ बनाया जाये। वहां पांच करोड़ पिलग्रिमेज हमेशा आते हैं, बिहार, बंगाल और झारखण्ड इससे प्रभावित होंगे।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि झारखण्ड के साथ कम से कम इस बार डिस्क्रिमिनेशन नहीं हो और ऑल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मैडीकल साइंसेज़ के लिए आप घोषणा करें और उसका काम 2016 में शुरू करें। धन्यवाद।